प्रेस विज्ञप्ति(हिन्दी)

नई दिल्ली, 17 फरवरी 2026

इंडो–नेपाल ट्रेड फेस्टिवल 2026 में 10 उच्चस्तरीय सत्र, 60 वक्ता और 65 प्रदर्शनी स्टॉल

इंडो–नेपाल ट्रेड फेस्टिवल का दूसरा संस्करण 20 से 22 फरवरी तक भारत की राजधानी नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। “Revitalizing People, Enhancing Bilateral Trade” के नारे के साथ आयोजित इस महोत्सव के उद्घाटन सत्र में नेपाल के लिए भारत में राजदूत Shankar Prasad Sharma, मुख्य अतिथि भारत सरकार के पर्यटन मंत्री Gajendra Singh Shekhawat, भारत सरकार के केंद्रीय संचार मंत्री Jyotiraditya Scindia, तथा नेपाल उद्योग वाणिज्य महासंघ (FNCCI) के अध्यक्ष Chandra Prasad Dhakal सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति रहेगी।

पहले संस्करण की उल्लेखनीय सफलता के बाद यह फेस्टिवल भारत–नेपाल के बीच द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग, पर्यटन एकीकरण, सांस्कृतिक आदान–प्रदान तथा निवेश साझेदारी को सुदृढ़ करने वाले एक प्रमुख मंच के रूप में स्थापित हो चुका है। इस वर्ष के महोत्सव में जलविद्युत एवं ऊर्जा साझेदारी, सीमा-पार व्यापार एवं कनेक्टिविटी, रामायण और बौद्ध सर्किट सहित पर्यटन एकीकरण, बैंकिंग, फिनटेक एवं डिजिटल अर्थव्यवस्था सहयोग, मीडिया एवं सांस्कृतिक कूटनीति, युवा सहभागिता, शिक्षा एवं नवाचार साझेदारी, स्टार्टअप इकोसिस्टम तथा इंडो–नेपाल सहयोग ‘विजन 2030’ जैसे विषयों पर दस से अधिक उच्चस्तरीय सत्र और नीतिगत संवाद आयोजित किए जाएंगे, जिनमें 60 से अधिक विशेषज्ञ भाग लेंगे।

इसके अतिरिक्त, व्यावसायिक नेटवर्किंग कार्यक्रमों तथा नीति-निर्माताओं, मंत्रियों, राजनयिकों, उद्योगपतियों, निवेशकों और उद्यमियों के बीच बी2बी और बी2जी बैठकों का भी आयोजन किया जाएगा। आयोजकों का विश्वास है कि ये सत्र दोनों देशों के विशेषज्ञों, नीति-निर्माताओं और उद्योग जगत के हितधारकों को साझा विकास और सतत क्षेत्रीय सहयोग के नए अवसर तलाशने के लिए एक ही मंच पर लाएंगे।

नई दिल्ली स्थित पीएचडी चैंबर भवन में आयोजित इस महोत्सव में व्यावसायिक और नीतिगत चर्चाओं के साथ-साथ नेपाल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सांगीतिक कार्यक्रमों, फिल्म प्रदर्शन, पारंपरिक कला और प्रामाणिक नेपाली व्यंजनों के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा, जिससे प्रतिभागियों को नेपाल और भारत की विशेष सांस्कृतिक अनुभूति प्राप्त होगी। महोत्सव में भारत और नेपाल के 60 से अधिक स्टॉल भाग ले रहे हैं। आयोजकों का अनुमान है कि महोत्सव का अवलोकन 25 हजार से अधिक लोग करेंगे।

मंगलवार को नई दिल्ली स्थित प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार सम्मेलन में एवेरेस्ट चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (ECCI) के अध्यक्ष युवराज बराल ने फेस्टिवल की जानकारी देते हुए कहा कि इंडो–नेपाल ट्रेड फेस्टिवल को व्यापार, पर्यटन, संस्कृति और नवाचार के माध्यम से द्विपक्षीय सहयोग को सुदृढ़ करने वाले एक

परिवर्तनकारी मंच के रूप में परिकल्पित किया गया है। उन्होंने कहा, "नेपाल और भारत के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सार्थक साझेदारी विकसित करने, निवेश के अवसरों का विस्तार करने और दोनों देशों के ऐतिहासिक संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने में यह महोत्सव सहायक सिद्ध होगा। यह ऐतिहासिक द्विपक्षीय आयोजन भारत–नेपाल आर्थिक कूटनीति को और सुदृढ़ करते हुए दीर्घकालीन क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देगा।"

इसी प्रकार, ईसीसीआई के महासचिव डॉ. मोहन कार्की ने जानकारी दी कि 20 फरवरी को व्यापार मेले के उद्घाटन सत्र का आयोजन किया जाएगा तथा 21 और 22 फरवरी को नेपाल और भारत की कला, संस्कृति और नेपाली उत्पादों की प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी।उन्होंने ब ताया कि दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और पर्यटन सहित विभिन्न क्षेत्रों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा,"विभिन्न विषयों पर दस से अधिक सत्रों में व्यावसायिक और नीतिगत चर्चाएँ की जाएँगी। साथ ही, महोत्सव में नेपाल की समृद्ध कला और संस्कृति को सांगीतिक कार्यक्रमों, चलचित्र प्रदर्शन, पारंपरिक कलाओं तथा प्रामाणिक नेपाली व्यंजनों के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा, जिससे प्रतिभागियों को नेपाल और भारत का एक विशेष अनुभव प्राप्त होगा।"

यह महोत्सव भारत में नेपाली उद्योगपतियों और व्यवसायियों के छाता संगठन एवेरेस्ट चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (ECCI) के मुख्य आयोजन में, नेपाली दूतावास, नेपाल पर्यटन बोर्ड तथा व्यापार एवं निर्यात प्रोत्साहन केंद्र के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। वर्ष 2008 में स्थापित ECCI में भारत के विभिन्न क्षेत्रों से 800 से अधिक उद्योगपति और व्यवसायी सदस्य के रूप में जुड़े हुए हैं।

D-71, 3rd Floor, Vishwakarma Colony, M.B. Road, New Delhi-110 044
+91 99113 16600 | +91 93500 20952 everest.chamber@gmail.com www.everestchamber.com